# एसएमएस में रक्तदान शिविर




**लखनऊ। प्रभात**

स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइंसेज (एसएमएस), लखनऊ में ल्वायन्स क्लब लखनऊ व संजय गॉधी पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल सान्सेज इन्स्टीट्यूट, के तत्वाधान में रक्तदान षिविर का आयोजन बुधवार 20 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक गया। इस शिविर में एस0एम0एस0 के अध्यापकगण व विद्यार्थीगण बढ़-चढ़ कर 200 प्रतिभागियों ने भाग लिये और लगभग 198 यूनिट "ब्लड डोनेट" किया। एसएमएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह तथा महानिदेशक (तकनीकी) डॉ0 भरत राज सिंहने विद्यार्थियों व अध्यापकों के उत्साह को देखते हुए, पुनः जनवरी 2018 में "रक्तदान शिविर" लगवाने का आश्वासन दिया है। इस शिविर के 'को-आर्डिनेटर' डॉ0 रघुवीर कुमार, रजत अग्रवाल व टी0पी0 सिंह ने अध्यापकों व विद्यार्थियों में इस पुनीत कार्य में भाग लेने हेतु उत्साह वर्धन किया।